उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0,
मुख्यालय, 2—महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ

International Year of Cooperatives
Cooperatives Build a Better World

पीबीएक्स 0522—4151200
फैक्स 0522—2629284
ई.मेल upcb.bkg@upscb.com

पत्रॉक : बैंकिंग / 2025—26 / एफ—236 / 201
दिनॉक : 22 जुलाई, 2025

**शाखा प्रबन्धक / मुख्य प्रबन्धक,**
उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0,
समस्त शाखायें,
उ0प्र0।

**विषयः उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0 द्वारा शाखाओं के माध्यम से व्यवसाय विविधीकरण योजनान्तर्गत वितरित किये जा रहे ऋणों में दिनांक—31.12.2025 तक माफ प्रोसेसिंग फीस को दिनांक—22.07.2025 से समाप्त किये जाने के सम्बन्ध में।**

बैंक की प्रबन्ध समिति की बैठक दिनांक—16.01.2025 में पारित प्रस्ताव सं0—18 के कम में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत तथा यूनाईटेड नेशन्स द्वारा वर्ष 2025 को इण्टरनेशनल ईयर ऑफ कोआपरेटिव्स घोषित किये जाने के कारण युवाओं, महिलाओं एवं अन्य ऋण ग्राहकों को आकर्षित करने हेतु व्यवसाय विविधीकरण योजनान्तर्गत वितरित किये जा रहे ऋणों पर (एमएसएमई / एफपीओ / एमवाईएसवाई / पीएमएफएमई को छोड़कर) दिनांक—31.12.2025 तक ग्राहकों से प्रोसेसिंग फीस चार्ज न किये जाने के सम्बन्ध में परिपत्रांक—बैकिंग / 2024—25 / एफ—236 / 444, दिनांक—31.01.2025 के माध्यम से निर्देशित किया गया।

अग्रेतर एतद् द्वारा व्यवसाय विविधीकरण योजनान्तर्गत वितरित किये जा रहे ऋणों पर ग्राहकों से प्रोसेसिंग फीस न लिये जाने सम्बन्धी निर्गत निर्देशों को दिनांक—22.07.2025 से निरस्त किया जाता है।

अतः समस्त शाखा प्रबन्धकों / मुख्य प्रबन्धकों को निर्देशित किया जाता है कि नियमानुसार वितरित किये जा रहे ऋणों पर पूर्व की भांति प्रोसेसिंग फीस चार्ज करना सुनिश्चित करें।

21.7.25
(आर0के0 कुलश्रेष्ठ)
प्रबन्ध निदेशक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—**

1. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, उत्तर प्रदेश।
2. प्रोजैक्ट मैनेजर, मेगासॉफ्ट प्रा0 लि0, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. श्री राहुल श्रीवास्तव, प्रबन्धक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि प्रोसेसिंग फीस माफी सम्बन्धी परिपत्र को बैंक की वेबसाइट से हटवाना सुनिश्चित करें।
4. निदेशक, कृषि सहकारी स्टाफ प्रशिक्षण संस्थान, 472 रिंग रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
5. समस्त महाप्रबन्धक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर—अध्यक्ष प्रकोष्ठ, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0 मुख्यालय, लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।

21.7.25
प्रबन्ध निदेशक